अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# द्वितीय सेमेस्टर – 2022
## (वर्तमान भारतीय समाज और प्रारंभिक शिक्षा)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** "शिक्षा एक त्रिमुखी प्रक्रिया है।" यह कथन किसका है? **(1)**

(A) जॉन डीवी (B) अरस्तू

(C) एडम्स (D) सुकरात।

**2.** शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य है- **(1)**

(A) शारीरिक विकास (B) मानसिक विकास

(C) सर्वांगीण विकास (D) सांवेगिक विकास।

**3.** प्रश्नोत्तर विधि के जनक हैं- **(1)**

(A) सुकरात (B) प्लेटो

(C) अरस्तू (D) फ्राबेल।

**4.** शिक्षण को रोचक एवं प्रभावशाली बना देती है- **(1)**

(A) चित्रकला (B) विज्ञान

(C) शिक्षण में प्रयुक्त युक्तियाँ (D) लेखन कला।

**5.** बुनियादी शिक्षा किस दार्शनिक से सम्बन्धित है? **(1)**

(A) प्लेटो (B) महात्मा बुद्ध

(C) रबीन्द्र नाथ टैगोर (D) महात्मा गाँधी।

**6.** विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है? **(1)**

(A) 17 फरवरी (B) 11 फरवरी

(C) 22 मार्च (D) 8 जून।

**7.** पाठशाला को एक बाग, शिशु को पौधा व शिक्षक को माली किसने कहा है? **(1)**

(A) रूसो (B) जॉन ड्यूवी

(C) मारिया माण्टेसरी (D) फ्राबेल।

**8.** 'दिवा स्वप्न' नामक पुस्तक के रचनाकार हैं- **(1)**

(A) स्वामी विवेकानन्द (B) राधाकृष्णन

(C) गिजुभाई बधेका (D) रूसो।

**9.** घर पर दी जाने वाली शिक्षा कहलाती है- **(1)**

(A) अनौपचारिक शिक्षा (B) दूरस्थ शिक्षा

(C) गैर औपचारिक शिक्षा (D) औपचारिक शिक्षा।

**10.** "प्रत्येक वस्तु जो प्राकृतिक है, अच्छी है, परन्तु मनुष्य के हाथों में खराब हो जाती है।"- **(1)**

(A) प्लेटो (B) अरस्तू

(C) रूसो (D) फ्राबेल।

**11.** 'प्रोजेक्ट पद्धति' किस दर्शन की प्रमुख विधि मानी जाती है? **(1)**

(A) यथार्थवाद (B) प्रकृतिवाद

(C) आदर्शवाद (D) प्रयोजनवाद।

**12.** मूल प्रवृत्ति सिद्धान्त किस दर्शन पर आधारित है? **(1)**

(A) प्रकृतिवाद (B) आदर्शवाद

(C) यथार्थवाद (D) सांख्य दर्शन।

**13.** मूल्य हमारे व्यवहार को क्या करते हैं? **(1)**

(A) दर्शित (B) प्रेरित

(C) नियन्त्रित (D) उपर्युक्त सभी।

**14.** 'मकतब' शब्द किस स्तर की शिक्षा से सम्बन्धित है? **(1)**

(A) प्राथमिक स्तर (B) माध्यमिक स्तर

(C) उच्च स्तर (D) उपर्युक्त सभी।

**15.** आदर्शवाद का श्रेष्ठ योगदान किस क्षेत्र में है? **(1)**

(A) शिक्षण विधि (B) पाठ्यक्रम

(C) उद्देश्य (D) अनुशासन

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** रूसो का जन्म कब और कहाँ हुआ था? **(1)**

**17.** 'सत्यम् शिवम् सुन्दरम्' किस दर्शन का आधार वाक्य है? **(1)**

**18.** वैश्विक तापमान से आप क्या समझते हैं? संक्षिप्त में समझाइए। **(1)**

**19.** मूल्य का क्या अर्थ है? किसी विद्वान की परिभाषा दीजिए। **(1)**

**20.** पर्यावरण शब्द किन दो शब्दों से मिलकर बना है? **(1)**

**21.** स्वामी विवेकानन्द जी के बचपन का नाम क्या था? **(1)**

**22.** विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है? **(1)**

**23.** शिक्षा के सार्वभौमिकरण से क्या आशय है? **(1)**

**24.** बौद्ध शिक्षा क्या है? **(1)**

**25.** शिक्षा के सामान्य उद्देश्य बताइए। **(1)**

**26.** औपचारिक शिक्षा की कोई एक विशेषता बताइए। **(1)**

**27.** शिक्षा के प्रभावी कारकों के नाम बताइए। **(1)**

**28.** जन संचार के चार साधनों का नाम लिखिए। **(1)**

**29.** प्रदूषण का अर्थ लिखते हुए इसके प्रकारों का नाम बताइए। **(1)**

**30.** टैगोर को किस धारणा में विश्वास था? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** शिक्षा में प्रकृतिवाद के योगदान का मूल्यांकन कीजिए। **(2)**

**32.** विद्यालय को शिक्षा का प्रभावशाली साधन किस प्रकार बनाया जा सकता है? स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**33.** जलवायु परिवर्तन से आप क्या समझते हैं? **(2)**

**34.** शिक्षा में जनसंचार की भूमिका के बारे में बताइए। **(2)**

**35.** प्रकृतिवाद में पाठ्यक्रम किस प्रकार का होना चाहिए? वर्णन कीजिए। **(2)**

**36.** "शिक्षा के प्रभावीकारक के रूप में" समाज की विवेचना कीजिए। **(2)**

**37.** जल संरक्षण क्यों आवश्यक है? बताइए। **(2)**

**38.** माण्टेसरी पद्धति के सिद्धान्तों की विवेचना कीजिए। **(2)**

**39.** औपचारिक शिक्षा एवं अनौपचारिक शिक्षा में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**40.** सामाजिक एवं साम्प्रदायिक सौहार्द क्यों आवश्यक है? **(2)**

---


**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/vartman-bhartiya-samaj-evam-prarambhik-shiksha/2022

2. वर्तमान भारतीय समाज और प्रारंभिक शिक्षा का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/vartman-bhartiya-samaj-evam-prarambhik-shiksha/

3. वर्तमान भारतीय समाज और प्रारंभिक शिक्षा के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/vartman-bhartiya-samaj-evam-prarambhik-shiksha/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN